एक नजर में

## दिन में सिंचाई बिजली बंद करने की मांग विधायक विपिन जैन ने लिखा पत्र



**मंदसौर।** क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन ने अधीक्षण यंत्री, म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (संचालन/संधारण) वृत्त मंदसौर को पत्र लिखकर किसानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सिंचाइ के लिए विद्युत आपूर्ति के समय में परिवर्तन की मांग की है। विधायक जैन ने पत्र में बताया कि क्षेत्र में गेहूं की फसल पूरी तरह पक चुकी है और कई स्थानों पर कटाई का कार्य जारी है। ऐसे में दिन के समय सिंचाई के लिए बिजली आपूर्ति होने से फसल को नुकसान होने की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में दिन के समय बिजली के फॉल्ट होने से खेतों में आग लगने और फसल जलने की घटनाओं की शिकायतें भी सामने आती रहती हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कई स्थानों पर विद्युत तार नीचे लटक रहे हैं, जिससे हार्वेस्टर से फसल कटाई के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। किसानों ने भी सुरक्षा की दृष्टि से दिन में बिजली आपूर्ति बंद करने की मांग की है। विधायक विपिन जैन ने अधीक्षण यंत्री से अनुरोध किया है कि किसानों की सुरक्षा और फसल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सिंचाई हेतु विद्युत प्रदाय का समय परिवर्तित कर प्रात: 11 बजे से शाम 7 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रखने के निर्देश जारी किए जाएं, ताकि संभावित दुर्घटनाओं और फसल को होने वाले नुकसान से रोका जा सके।

## गांधीसागर पुलिस ने 5 किलो से अधिक गांजा किया जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** जिले में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गांधीसागर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी के कब्जे से 5.160 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत लगभग 12 हजार 500 रुपए बताई गई है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध जिलेभर में अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ हेमलता कुरिल एवं एसडीओपी गरोठ विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गांधीसागर निरीक्षक तरुणा भारद्वाज एवं पुलिस टीम ने 8 मार्च को मुखबिर सूचना के आधार पर कार्रवाई की। पुलिस ने पुराने हेलीपेड के पास रावतभाटा रोड गांधीसागर क्षेत्र से वकील दायमा, निवासी गुगलखेड़ा थाना रामपुरा जिला नीमच को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद काले रंग के बैग से 5.160 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इस संबंध में थाना गांधीसागर में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 14/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। पुलिस ने बताया कि जिले में नशे के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## सेन समाज कवी मुन्ना बैटरी का करेगा पुतला दहन

**मंदसौर।** शाजापुर में आयोजित कवि सम्मेलन के दौरान कवि मुन्ना बैटरी द्वारा सेन समाज पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में मंदसौर नगर गुजराती सेन समाज ने तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त की है। इस संदर्भ में समाज के वरिष्ठ अध्यक्ष शेखर राज चौहान, एवं वरिष्ठ समाजसेवियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं ने निर्णय लिया है कि कल प्रात: 10:00 बजे गांधी चौराहा, विश्वपति शिवालय पर समाजजन एकत्रित होकर कवि मुन्ना बैटरी का पुतला दहन करेंगे। इसके उपरांत सभी समाजजन सिटी कोतवाली पहुंचकर ज्ञापन सौंपेंगे और कवि मुन्ना बैटरी पर केस दर्ज करवाने की मांग करेंगे। नगर के युवा अध्यक्ष राकेश सेन सम्राट ने बताया कि यह विरोध समाज की गरिमा और सम्मान की रक्षा के लिए है। समाजजन एकजुट होकर यह संदेश देंगे कि किसी भी प्रकार की अपमानजनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुजराती सेन समाज संगठन मंदसौर ने सभी समाजबंधुओं से प्रात: 10 बजे गांधी चौराहा, विश्वपति शिवालय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# शीतला सप्तमी पर आज खिड़की माता मंदिर में मेला

**मंदसौर।** शीतला सप्तमी के पावन पर्व पर मंगलवार 10 मार्च को मंदसौर बायपास मार्ग स्थित श्री खिड़की माता मंदिर परिसर में नगर पालिका परिषद द्वारा एक दिवसीय श्री खिड़की माता मेला का भव्य आयोजन किया जाएगा। मेले को लेकर नगर में विशेष उत्साह का वातावरण है तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता प्रीतेश चावला, मेला सभापति माया नीलमचंद भावसार एवं सीएमओ पी.के. कुमार सुमन ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरपालिका परिषद एवं श्री खिड़की माता मेला समिति के संयुक्त तत्वावधान में यह मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले में दिनभर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

उन्होंने बताया कि मेले के अवसर पर प्रात: 11.30 बजे से सायंकाल तक प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा की भजन संध्या आयोजित की जाएगी, जिसमें श्रद्धालु भजनों का आनंद लेंगे। मेले में श्रद्धालु माता के दर्शन कर



सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया, उज्जैन प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव एवं समाजसेविका अनीता दीदी गुरु उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, सुषमा आर्य, मुकेश काला, भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराना, शिवराजसिंह राणा घटावदा, महेश जुनवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, उपाध्यक्ष मनुप्रिया विनीत यादव, जनपद पंचायत मंदसौर अध्यक्ष बसंत शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हितेश शुक्ला, भाजपा जिला पदाधिकारी पुलकित पटवा, जगदीश गुर्जर, समाजसेवी संतोष शर्मा, जनपद उपाध्यक्ष ममता विरम धनगर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

मेले के आयोजन में मेला समिति सदस्य रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, पिंकी विनय दुबेला, गोवर्धन कुमावत, पिंकी कमलेश सोनी तथा मेला अधिकारी पी.एस. धारवे सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

नगरपालिका परिषद ने मंदसौर नगर एवं जिले के नागरिकों, श्रद्धालुओं तथा मातृशक्ति से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्री खिड़की माता मेले में भाग लें और धार्मिक आयोजन को सफल बनाएं।

## फर्जी मुख्तारनामा और छलकपट के आरोपी को कोर्ट ने सुनाई सात वर्ष की सजा

▶ 21 हजार रू. के अर्थदंड से दण्डित किया

**मंदसौर। पंचम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मंदसौर मंजुसिंह मेडम के महत्वपूर्ण निर्णय में आरोपी अजय राठी पिता चांदमल राठी एवं पुष्पा पति चांदमल राठी को न्यायालय के द्वारा 07 वर्ष का कारावास और दोनों आरोपी को 21 हजार रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया गया।**

प्रकरण की जानकारी देते हुए अपर लोक अभियोजक भगवानसिंह चौहान ने बताया कि फरियादी दिनेश कुमार राठी ने दिनांक 06.06.2016 को आरक्षी केन्द्र शहर कोतवाली मन्दसौर में एक आवेदन पेश किया। जिसमें उसके द्वारा बताया कि 01.09.2014 को उसका फर्जी मुख्तियानामा आरोपीगण पुष्पाबाई व अजय के द्वारा बनाकर सौरभ संघवी को 06 फरवरी 2015 को विक्रय कर दिया। विवेचक उप निरीक्षक एस. के. मिश्रा के द्वारा विवेचना में फर्जी मुख्तयारनामा एवं उसमें प्रयुक्त फोटो एवं निशानी अंगुठा (उंगुष्ठ चिन्ह) हस्तलिपि विशेषज्ञ से जांच करवायी गयी। उनके द्वारा अपराध क्रमांक 409 / 2016 धारा 420, 467, 468, 471, 419, 109, 120 (बी), 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं अधिवक्ता दिनेश पुरोहित जिनके द्वारा मुख्तयानामा तैयार किया गया उनके विरूद्ध धारा 173 (8) में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में अभियोजन के ओर से कुल 9 गवाहों के कथन करवायें गये एवं 36 दस्तावेजों को प्रदर्शित करवाया गया बचाव पक्ष के द्वारा एक दस्तावेज प्रदर्शित करवाया गया एवं अभियोजन के धारा आर्टिकल ए1 से ए 34 तक प्रदर्शित करवायें गये। उक्त प्रकरण में फरियादी दिनेश राठी उज्जैन में नोकरी करता है तथा आरोपीगण पुष्पाबाई उसकी सौतेली मां है एवं अजय राठी उसका सौतेला भाई है। फरियादी दिनेश राठी के द्वारा अभियुक्तगण को मकान रहने के लिये दिया था। अभियुक्तगण के द्वारा मकान को कुटरचिता करते हुऐं सौरभ संघवी को विक्रय कर दिया गया।



## जनगणना कार्य के अंतर्गत तीन दिन में मकान नंबरिंग का कार्य पूर्ण करें : कलेक्टर अदिती गर्ग

**मंदसौर। जनगणना कार्य को लेकर प्रमुख जनगणना अधिकारी और कलेक्टर अदिती गर्ग ने साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी सीएमओ एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि मकानों की नंबरिंग का कार्य तीन दिवस के भीतर पूर्ण किया जाए।**

कलेक्टर गर्ग ने कहा कि सभी चार्ज अधिकारी प्रगणकों की नियुक्ति करते समय यह सुनिश्चित करें कि सेवानिवृत्त, स्थानांतरित एवं दिव्यांग कर्मचारियों को प्रगणक के रूप में नियुक्त न किया जाए, क्योंकि इनकी सेवाएं वर्ष 2027 तक आवश्यक रहेंगी। प्रगणक एवं सुपरवाइजर के रूप में योग्य कर्मचारियों की ही नियुक्ति की जाए।

उन्होंने बताया कि जनगणना कार्य के लिए 50 से अधिक फील्ड ट्रेनर भी नियुक्त किए जाएंगे। साथ ही सभी चार्ज अधिकारी, प्रगणक, सुपरवाइजर एवं फील्ड ट्रेनरों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में 10 मार्च को भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की जाएगी, जिसमें जनगणना से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

एक नजर | सुमधुर गीतों से सराबोर हुई शाम

## दशपुर रंगमंच के होली मिलन समारोह में बिखरे फाल्गुनी सुर

**मंदसौर। नगर की सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच मंदसौर के तत्वाधान में आयोजित होली मिलन समारोह फागुनी उल्लास और सुरीली तानों के साथ संपन्न हुआ। इस उत्सव का आरंभ सतीश सोनी के सुमधुर स्वर में गूंजे गीत 'होली के दिन दिल खिल जाते हैं' के साथ हुआ, जिसने पूरे माहौल को उमंग से भर दिया। इसके पश्चात श्याम गुप्ता ने 'आज बिरज में होरी रे रसिया' के माध्यम से ब्रज की होली का सजीव चित्रण किया, तो वहीं आशा तरवेचा ने 'होली आई देखो होली आई रे' गाकर त्योहार की खुशियों को स्वर दिए।**

रंगों की इस महफिल को आगे बढ़ाते हुए लोकेंद्र पाण्डे ने लोकप्रिय गीत 'रंग बरसे भीगे चुनर वाली' से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद हिमांशु वर्मा ने 'जोगी जी धीरे-धीरे' और स्वाति रिच्छावरा ने 'मल दे गुलाल मोहे' जैसे गीतों से लोक संस्कृति की छटा बिखेरी। राजा भैया के 'अरे जा रे हट नटखट' और सिमरन बिलानी के 'जुलम कर डारियो' के गायन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।



कार्यक्रम में उस समय एक भावुक और सुंदर मोड़ आया जब अभय-ललिता मेहता ने युगल गीत 'एक तेरा साथ हमको दो जहाँ से प्यारा है' की प्रस्तुति दी। गायकी का यह सिलसिला यहीं नहीं थमा, आबिद शाह ने 'न जा कहीं अब ना जा' और अनुराधा त्यागी ने 'छूटे न रंग ऐसी रंग दे चुनरिया' के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। अंत में पायल कियावत ने 'होलिया में उड़े रे गुलाल' गाकर पूरे परिसर को गुलाल और गीतों के रंग में सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम का संचालन अभय मेहता द्वारा किया गया, जबकि ललिता मेहता ने कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त किया।



एक नजर में

## ग्राम बावड़ा में लगा नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर, 37 रोगियों ने लिया लाभ




**नीमच।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय पिपल्या रावजी द्वारा सोमवार को निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर ग्राम बावड़ा में आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, त्वचा रोग, उदर रोग, विबंध, श्वास, कास, प्रतिश्याय, रक्त अल्पता, उच्च रक्तचाप, अर्श, अम्लपित, प्रमेह आदि बीमारियों की जांच कर नि:शुल्क औषधियां वितरित की गई। शिविर में बीपी की निशुल्क जांच कर, मौसमी बीमारियों से बचने के उपाय, तनाव से मुक्ति, दिनचर्या, पोषण से सम्बन्धित जानकारी दी। शिविर में कुल 37 रोगियों ने स्वास्थ्य का लाभ लिया। शिविर में डॉ. आबिद खान, गोपाल कृष्ण गंधर्व कंपाउंडर, आंगनवाड़ी सहायिका गुड्डीबाई ने सेवाएं दी।

## मलेरिया डेंगू जागरूकता रथ को सीएमएचओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**नीमच।** आमजनों मे मलेरिया, डेंगू के प्रति जागरूकता बढाने तथा रोगों से बचाव के लिये व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिये मलेरिया डेंगू रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. दिनेश प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले में संचालित एम्बेड परियोजना के समन्वय से संचालित किया जावेगा। शुभारंभ अवसर पर डा. प्रसाद ने बताया, कि वर्तमान के समय में मच्छरों की उत्पत्ति एवं गर्मी के समय से आम व्यक्ति की दिनचर्या खुले वातावरण में होने से यह समय मलेरिया एवं डेंगू होने के लिये अलुकूल समय है। अत: इस समय लोगो को जागरूक रहना अनिवार्य है। यह रथ एम्बेड के सहयोग से ग्रामीण एवं शहरी क्षैत्र में निर्धारित कार्ययोजना अनुसार भ्रमण करेगा एवं माईकिंग के माध्यम से लोगों को मच्छर जनित रोगो की रोकथाम हेतु जागरूक करेगा। इस अवसर पर एम्बेड परियोजना के श्री टीकम नागर एवं अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक आरोपी जिलाबदर

**नीमच।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हिमांशु चंद्रा द्वारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-5 (क-ख) के तहत अनावेदक समरथ पिता रतनलाल निवासी कड़ी खुर्द, थाना कुकडेश्वर को जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। जिला बदर अवधि में समरथ नीमच जिले की राजस्व सीमा तथा समीपवर्ती मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन एवं देवास, आगर मालवा जिले की राजस्व सीमा में 06 माह की अवधि तक प्रवेश नहीं कर सकेंगा। उल्लेखनीय है, कि समरथ पिता रतनलाल के विरूद्ध विभिन्न पुलिस थानों में आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध होकर विचाराधीन है।

# लखेरा समाज के स्नेह मिलन में गले मिले समाजजन

▶ गुलाल उड़ाई और फूलों से खेली होली

**नीमच।** होली पर्व के अवसर पर लखेरा समाज नीमच द्वारा स्नेह मिलन एवं फागोत्सव कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्कीम नंबर 10 स्थित चौना मातादृकुशला माता मंदिर परिसर में किया गया, जहां समाज के महिला-पुरुष, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान रंग, गुलाल और भक्ति का सुंदर संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुदेव अयोध्यादास जी महाराज द्वारा ठाकुर जी को होली गीत सुनाकर किया गया। उनके द्वारा प्रस्तुत भक्ति भाव से सराबोर होली गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया और उपस्थित समाजजन भाव-विभोर हो उठे। इसके बाद समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और स्नेहपूर्वक गले मिलकर भाईचारे और प्रेम का संदेश दिया।

फागोत्सव के दौरान पारंपरिक फाग गीतों और भगवान श्रीकृष्ण के भजनों की मधुर प्रस्तुतियां दी गईं।



भजनों की धुन पर समाजजन झूमते नजर आए और कई लोगों ने नृत्य कर उत्सव का भरपूर आनंद लिया। इस दौरान फूलों की होली भी खेली गई, जिसमें गुलाब और अन्य फूलों की वर्षा के बीच समाजजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। फूलों और अबीर-गुलाल से मंदिर परिसर का वातावरण पूरी तरह रंगमय और आनंदमय बन गया।

आयोजन में समाज के वरिष्ठजनों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर सुरेश बागड़ी, रतन हाटडिया, लालचन्द्र बागड़ी, गोपाल भाटी, अमृत बागड़ी, रमेश चंद्र चौहान, राधेश्याम केथुनिया, लाला भाई सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को होली की बधाई देते हुए समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान गीत, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। समाज की महिलाओं और युवाओं ने फाग गीतों पर सामूहिक नृत्य कर कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। पूरे आयोजन के दौरान हंसी-खुशी और उत्साह का माहौल बना रहा।

कार्यक्रम के अंत में सभी समाजजनों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करते रहने की बात कही।

## बिहार के मजदूर की नीमच की फैक्ट्री में संदिग्ध मौत

▶ मशीन में डीजल डालते जमीन पर गिरा, तीन पहले ही आया था गांव से

**नीमच। जिले के सगराना क्षेत्र में निर्माणाधीन गोल्डक्रेश फैक्ट्री में सोमवार को एक हादसा हुआ। बिहार के सीवान जिले के बड़ूवा निवासी 45 वर्षीय मजदूर जयराम गुप्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वे पिछले तीन महीनों से यहां मजदूरी कर रहे थे।**

मृतक के साथी सुमित कुमार ने बताया कि जयराम हाइड्रा मशीन में डीजल डाल रहे थे। इसी दौरान उन्हें अचानक चक्कर आया और वे जमीन पर गिर पड़े। उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल (ज्ञानोदय) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

फिलहाल, शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।



जयराम अपने परिवार में अकेले कमाने वाले सदस्य थे। उनकी मौत से पत्नी और दो बेटियां (16 वर्ष और 5 वर्ष) बेसहारा हो गई हैं। परिवार के सामने अब आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

घटना के बाद मृतक के साथियों और परिचितों ने आरोप लगाया कि उन पर जल्द से जल्द पोस्टमार्टम कराकर शव ले जाने का दबाव बनाया जा रहा था। वहीं, फैक्ट्री के एचआर अधिकारी राजेंद्र शर्मा ने इन आरोपों का खंडन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि घटना की जानकारी मिलते ही जयराम को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और कंपनी नियमों के अनुसार पीड़ित परिवार को पूरी सहायता प्रदान करेगी।

एक नजर | नवकार सेवा संस्थान ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर

## 100 बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित कर स्वास्थ्य और स्वच्छता का संदेश दिया

**नीमच।** सेवा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहने वाला श्री नवकार सेवा संस्थान, नीमच ने 8 मार्च अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट बालिका छात्रावास की 100 बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित कर स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्रत्येक बालिका को दो-दो पैकेट सेनेटरी पैड भेंट किए गए। कार्यक्रम के अंत में बालिकाओं को आइसक्रीम खिलाकर उनका मुँह मीठा कराया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की सदस्याओं द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और




माल्यार्पण से हुआ। छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना तथा नवकार महामंत्र का सामूहिक स्तुति पाठ किया, जिससे माहौल भक्तिमय बन गया।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अंजू जैन ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए नारी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला और कक्षा 12वीं की छात्राओं को उच्च शिक्षा जारी रखने के लिए प्रेरित किया। संस्था की संस्थापक अध्यक्ष कल्पना मोगरा ने संस्कारों से जुड़े रहने, परिवार की जिम्मेदारियों को समझने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया।

भूमिका जैन ने बालिकाओं को सेनेटरी पैड के सही उपयोग और मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने की जानकारी दी। इसके बाद छात्राओं ने संगीत की धुन पर नृत्य कर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की खुशियां उत्साहपूर्वक मनाईं।

कार्यक्रम में संस्था की कला वीरवाल, पुष्पा वीरवाल, सरिता लसोड़, माया मेहता, मधु भामावत, ज्योति कच्छारा, हेमा बंबोरिया, भूमिका वीरवाल, सुशीला चोपड़ा, चंदा कोठारी, टीना सहलोत, संतरा वीरवाल, मधु राठौर, मंजू बोहरा, सुशीला भामावत, कृष्णा चेलावत, मीना दख, अंजना जैन, भावना चौधरी, कल्पना मोगरा सहित अन्य सदस्याएं और छात्रावास की दीपा वैष्णव उपस्थित रहीं। अंत में आभार सचिव भावना चौधरी ने व्यक्त किया।